आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 324 | उज्जैन, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव से आईटीआई के मेधावी प्रशिक्षणार्थियों ने की सौजन्य भेंट



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) के मेधावी प्रशिक्षणार्थियों ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी होनहार प्रशिक्षणार्थियों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल सहित कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बैतूल जिले की सुश्री त्रिशा तावड़े (ऑल इंडिया में केंद्रीय जोन की टॉपर), भोपाल जिले की सुश्री चंचल सैवारिक (ऑल इंडिया में ट्रेड कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (ङ्कद्ब × ह्रष्ठ) में महिला टॉपर), जबलपुर जिले की सुश्री पूजा जाटव (ऑल इंडिया में ट्रेड ड्रोन तकनीशियन में महिला टॉपर), उज्जैन जिले के श्री श्याश महेश्वरी (ऑल इंडिया में ट्रेड फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी में पुरुष टॉपर, बालाघाट जिले के श्री अमन गजभिये (ऑल इंडिया में ट्रेड मेसन बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर में पुरुष टॉपर) जबलपुर जिले की सुश्री श्रुति विश्वकर्मा (ऑल इंडिया में ट्रेड मैकेनिक (ट्रैक्टर) में महिला टॉपर, बैतूल जिले के श्री अरविंद कुमरे (ऑल इंडिया में ट्रेड मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर में पुरुष टॉपर), बैतूल जिले की सुश्री निकिता तायवडे (ऑल इंडिया में ट्रेड मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर में महिला टॉपर), भोपाल जिले के श्री अभिजीत सिंह सिसोदिया (ऑल इंडिया में ट्रेड मिल्क एवं मिल्क प्रोडक्ट तकनीशियन में पुरुष टॉपर) एवं खरगोन जिले के श्री शिवम यादव (ऑल इंडिया में ट्रेड स्टेनोग्राफर एवं सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिंदी) में पुरुष टॉपर) ने भेंट की।

## भारत करेगा यूएनटीसीसी सम्मेलन की मेजबानी, राजनाथ सिंह होंगे शामिल



नई दिल्ली (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सैनिकों का योगदान देने वाले देशों (यूएनटीसीसी) के प्रमुखों के सम्मेलन का भारत 14 से 16 अक्टूबर तक मेजबानी करेगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, शांति अभियानों के लिए अवर महासचिव (यूएसजी, डीपीओ), जीन पियरे लैक्रोइक्स भाग लेंगे।

खतरों पर विचार-विमर्श के लिए सम्मेलन- यूएनटीसीसी परिचालन चुनौतियों, उभरते खतरों तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना को मजबूत करने में प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण की भूमिका पर विचार करने के लिए महत्वपूर्ण फोरम है। संयुक्त राष्ट्र मिशनों में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में भारत उभरते खतरों पर विचार-विमर्श करने और शांति के लिए साझा समझ बनाने के लिए उच्च स्तरीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। 14 से 16 अक्टूबर तक सम्मेलन की मेजबानी करेगी भारतीय सेना- भारतीय सेना 14 से 16 अक्टूबर तक इस सम्मेलन की मेजबानी करेगी। यह सम्मेलन वसुधैव कुटुम्बकम (विश्व एक परिवार है) के सिद्धांत को प्रतिबिंबित करता है।

## कोटा के होटल में छात्रा का शव मिलने से मचा हड़कंप, 2 दिन से थी लापता



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के कोटा से सनसनीखेज मामला सामने आया है। 12वीं कक्षा की एक छात्रा का शव होटल के कमरे में मिला है। छात्रा पिछले 2 दिन से घर से गायब थी। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। इसी बीच होटल में उसका शव मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया।

राजस्थान पुलिस ने रविवार को घटना की जानकारी दी। छात्रा की पहचान 18 वर्षीय प्रीति अहेदी के रूप में हुई है। प्रीति बारां जिले के केलवाड़ा की रहने वाली थी। 2 दिन पहले परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई थी।

24 घंटे बाद पूरी हुई तलाश- पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की सुबह प्रीति स्कूल गई, लेकिन दोपहर को घर वापस नहीं लौटी। प्रीति के न आने पर घर वाले परेशान हो गए और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस प्रीति की तलाश में जुट गई। शनिवार की शाम को घर से 120 किलोमीटर दूर कोटा के होटल में प्रीति का शव पंखे से लटका मिला।

## बिहार में वोट देने जाएंगे केरल में रहने वाले प्रवासी मजदूर, लोकतंत्र के पर्व में लेंगे हिस्सा



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल में काम करने वाले बिहार के प्रवासी मजदूर वैसे तो हर साल दिवाली और छठ पूजा पर अपने राज्य जाते ही हैं, लेकिन इस बार कई मजदूर लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लेने के उद्देश्य से भी सैकड़ों मील की दूरी तय कर अपने राज्य जाएंगे।

हैरानी की बात है कि कई प्रवासी मजदूर नतीजों के डर से अपनी राय जाहिर करने के लिए नाम नहीं छापने का अनुरोध कर रहे हैं। औरंगाबाद जिले का एक मजदूर अपने परिवार के साथ अलुवा में रहता है। नाम नहीं छापने की शर्त पर उसने बताया कि वह अगले सप्ताह वोट देने के लिए घर लौटेगा। उसने कहा कि वह भाजपा का समर्थन करता है। वह चाहता है कि भाजपा राज्य में अकेले शासन करे और पार्टी का मुख्यमंत्री हो।

वोट डालने बिहार जाएंगे केरल के प्रवासी मजदूर

उसने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कट्टर समर्थक हूं। जदयू और राजद के शासन में बिहार भ्रष्टाचार से ग्रस्त रहा है। यह तभी खत्म होगा, जब भाजपा पूरी तरह सत्ता में आएगी। मुझे उम्मीद है कि इस बार ऐसा होगा।

बड़ी संख्या में प्रावसी मजदूरों के बिहार लौटने की उम्मीद- सेंटर फार माइग्रेशन एंड इन्क्लूसिव डेवलपमेंट (सीएमआइडी) के सह-संस्थापक बिनय पीटर ने बताया कि केरल में बिहार के प्रवासी मजदूर ज्यादातर भारी और मध्यम उद्योगों में कार्यरत हैं। बिहार के प्रवासी श्रमिक आमतौर पर हर साल छठ पूजा के दौरान घर लौटते हैं। इस बार बिहार से बड़ी संख्या में प्रवासी कामगारों के वोट डालने के लिए घर जाने की उम्मीद है।

## साइबर अपराधों को रोकने के लिए स्ष्ट ने की टिप्पणी, जस्टिस पारदीवाला ने लड़कियों के अधिकारों पर क्या कहा?




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस जेबी पारदीवाला ने रविवार को कहा कि आनलाइन दुनिया में बालिकाओं के शिकार होने का खतरा अधिक है और वर्तमान जांच पद्धतियां साइबर जगत में होने वाले जटिल अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

यह दुर्भाग्यपूर्ण और एक कड़वी सच्चाई है कि संविधान अंगीकार करने के 75 साल बाद भी देश बच्चों खासकर लड़कियों के अधिकारों के मामले में सुधार के लिए संघर्ष कर रहा है। जस्टिस पारदीवाला यूनीसेफ और भारत सरकार के सहयोग से सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति (जेसीसी) के तत्वाधान में आयोजित बालिकाओं की सुरक्षा ञ्च भारत में उनके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर विषय पर दो दिवसीय वार्षिक राष्ट्रीय परामर्श के समापन समारोह में बोल रहे थे।

तेजी से विकसित हो रही है डिजिटल दुनिया- तेजी से विकसित हो रही डिजिटल दुनिया से जुड़े जोखिमों और अवसरों के मुद्दे पर उन्होंने कहा, ऑनलाइन दुनिया में बालिकाओं के शिकार होने का खतरा ज्यादा है। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ अपराध करने के लिए अपराधी डिजिटल दुनिया की उस सुलभता का फायदा उठाते हैं जहां उन्हें एक-दूसरे से जुड़ना आसान होता है और उनकी पहचान भी उजागर नहीं हो पाती। हमारी वर्तमान जांच-पड़ताल की पद्धतियां साइबरस्पेस में होने वाले जटिल अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार नहीं हैं।

## मणिपुर- पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार उग्रवादी और तीन ड्रग तस्कर गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। 24 घंटों के दौरान मणिपुर में कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के विभिन्न गुटों के चार कट्टर उग्रवादियों और एक पुलिसकर्मी सहित तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

चारों उग्रवादियों को थौबल और बिष्णुपुर जिलों से गिरफ्तार किया गया और उनमें से एक की पहचान मोइरंगथेम मोहन सिंह उर्फ परी के रूप में हुई है। उसके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। वहीं, राइफलमैन मोहम्मद वहीदुर रहमान को शुक्रवार को इंफाल पश्चिम जिले में गिरफ्तार किया गया।

## बिहार में गुजरात मॉडल नहीं अपनाएगी बीजेपी, तीन सूत्री फॉर्मूले से तय कर रही उम्मीदवार




नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सत्ताधारी ह्म्ष्ठ गठबंधन में सीटों के बंटवारे का ऐलान होने के बाद अब बारी उम्मीदवारों के ऐलान की है। इस बीच, सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीजेपी ने गठबंधन के तहत आवंटित सभी 101 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर लिए हैं और उसका ऐलान कभी भी हो सकता है। सूत्रों ने यह भी बताया है कि पार्टी बिहार में टिकट बंटवारे में गुजरात मॉडल नहीं अपनाएगी। यानी 30 फीसदी मौजूदा विधायकों के टिकट नहीं काटेगी। भाजपा अकसर सभी चुनावों में इस मॉडल का इस्तेमाल कर करीब 30 फीसदी सीटिंग स्रु का टिकट काटती रही है और उनकी जगह युवाओं को मौका देती रही है लेकिन इस बार बिहार में ये मॉडल नहीं अपनाया जाएगा।

तीन सूत्री फॉर्मूला क्या- हालांकि, सूत्र बता रहे हैं कि पार्टी 16 मौजूदा विधायकों का टिकट काट सकती है। इसके अलावा 75 पार की उम्र वालों को भी टिकट मिल सकता है। जिनके टिकट कटेंगे उनकी सीटों पर महिलाओं और युवाओं को उतारने की रणनीति भाजपा ने बनाई है। सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा तीन सूत्री फॉर्मूले के आधार पर गठबंधन में आवंटित सभी 101 सीटों पर उम्मीदवार उतारने जा रही है। इसके तहत जातीय समीकरण, जिताऊ उम्मीदवार और युवाओं की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया है। सूत्रों के हवाले से ईटी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पार्टी इसलिए ज़्यादातर मौजूदा विधायकों को उतारने जा रही है क्योंकि 2020 में ही उनमें से कई नए चेहरे उतारे गए थे। पार्टी का मानना है कि पहली बार के विधायकों और सरकार के खिलाफ कोई एंटी इनकम्बेंसी नहीं है, इसलिए अन्य राज्यों की तरह यहां औसतन 30त्न विधायकों के टिकट नहीं काटे जाएंगे। पार्टी इस बार कई महिला उम्मीदवारों को भी चुनाव लड़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। चर्चा है कि कुछ केंद्रीय नेताओं को भी पार्टी विधानसभा चुनाव में उतार सकती है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ऐसा कर चुकी है।

बता दें कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की रविवार शाम दिल्ली में बैठक हुई थी, जिसमें पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची के टिकटों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

# भारत और चीन से करीबी रिश्ता क्यों बनाना चाहता है कनाडा? ट्रंप टैरिफ के बीच उठाया ये कदम



नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा अब चीन और भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है, जबकि दूसरी ओर अर्मेकि के साथ उसके व्यापारिक रिश्ते नाजुक दौर में हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने हाल ही में चीन पर नए टैरिफ लगाए हैं, जिससे बाजारों में गिरावट आई है।

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद इस हफ्ते नई दिल्ली, मुंबई, सिंगापुर और चीन के हांगझोउ जा रही हैं। उनका उद्देश्य एशियाई देशों के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ाना है। अनीता आनंद के लिए यह यात्रा आसान नहीं है क्योंकि कनाडा के चीन और भारत से रिश्ते पहले तनावपूर्ण हैं। साथ ही, चीन के साथ किसी भी कदम पर अमेरिका की प्रतिक्रिया का भी खतरा बना रहता है।

ट्रंप ने चीन को दी थी धमकी- अनीता ने कहा, कनाडा हर देश से अपने कामगारों और कारोबारों के हित को प्राथमिकता देकर ही बातचीत करेगा। यह एक संप्रभु देश की नीति है। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के कार्यकाल में यह नीति जस्टिन ट्रूडो की विदेश नीति से अलग है, जिसमें आर्थिक हितों को सबसे ऊपर रखा गया है।

ट्रंप ने हाल ही में चीन से आने वाले उत्पादों पर 100त्न अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, हालांकि बाद में उन्होंने समझौते के संकेत दिए। कनाडा ने पहले भी अमेरिका और चीन के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश की है। स्टील, एल्युमिनियम और इलेक्ट्रिक वाहनों पर चीन से आयात पर लगाई गई पाबंदियां अब भ बरकरार हैं।

अमेरिका से नया व्यापार समझौता चाहता है कनाडा- कनाडा अमेरिका के साथ एक नया व्यापार समझौता चाहता है ताकि स्टील और एल्युमिनियम पर ट्रंप के टैरिफ से राहत मिल सके। चीन ने बदले में कनाडा के कैनोला, पोर्क और सीफूड पर टैरिफ लगाए हैं लेकिन हाल में उसने कैनोला जांच की समयसीमा बढ़ाई है, जिससे वार्ता की उम्मीद बनी है।

कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने संकेत दिया है कि ऊर्जा क्षेत्र में चीन के साथ सहयोग की संभावना है। वे लिक्विफाइड नैचुरल गैस (स्ल्त) की एशियाई देशों में आपूर्ति बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। वहीं, भारत के साथ 2023 में रुकी व्यापार वार्ता को फिर शुरू करने की कोशिश हो रही है।

क्यों रुकी भारत-कनाडा की डील- उस समय ट्रूडो ने भारत पर सिख अलगाववादी की हत्या का आरोप लगाया था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खारिज किया था। अब कार्नी सरकार के तहत दोनों देशों ने नए राजदूत नियुक्त किए हैं और सीमा-पार अपराधों पर जानकारी साझा करने का ढांचा बनाया है।

# क्रेडिट कार्ड फ्रॉड का मामले में कनाडा पुलिस का एक्शन, मेल के खेल में भारतीय मूल के 8 लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा में पुलिस ने क्रेडिट कार्ड और चेक सहित डाक चोरी के आरोप में आठ भारतीय मूल के लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए इन लोगों पर 300 से अधिक आरोप लगाए गए हैं। हिरासत में लिए गए इन लोगों में कुछ लोगों को कनाडा से निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है।

दरअसल, सीटीवीन्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पील पुलिस ने संदिग्धों से 450 से ज्यादा चोरी के डाक, जैसे क्रेडिट कार्ड और




चेक बरामद किए। इन सभी की कीमतें 400,000 कनाडाई डॉलर से अधिक है।

घरों के मेलबॉक्सों को बना रहे थे निशाना- पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए रिपोर्ट में बताया गया कि जांच में कुछ लोगों के एक समूह का पता चला जो मिलकर घरों के मेलबॉक्सों को निशाना बना रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर चोरी हुई और समुदाय के सदस्यों के लिए व्यवधान पैदा हुआ।

अभियान चलाकर हुई संदिग्धों की गिरफ्तारी- इस मामले को लेकर पील पुलिस, हाल्टन पुलिस और कनाडा पोस्ट ने अप्रैल में प्रोजेक्टअनडिलीवरेबल नामक एक संयुक्त अभियान शुरू किया, जिससे डाक चोरी की एक सीरीज की रिपोर्ट की जांच की जा सके।

पुलिस ने कहा कि जांच में पता चला कि कुछ लोग मिलकर घरों के मेलबॉक्सों को निशाना बना रहे थे, जिससे बड़े पैमाने पर चोरी हुई और समुदाय के सदस्यों के लिए परेशानी खड़ी हुई

## पाक बाज नहीं आएगा तो हमारे पास और भी रास्ते..., जम्मू कश्मीर पर भड़का पाकिस्तान तो मुत्ताकी ने दे दिया अल्टीमेटम



नई दिल्ली (एजेंसी)। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी का भारत दौरा पाकिस्तान को पहले से रास नहीं आया। वहीं, अब जम्मू कश्मीर पर अफगान सरकार की नीति ने आग में घी का काम कर दिया है। हालांकि, अफगान सरकार ने पाकिस्तान को दो टूक जवाब दिया है। तालिबान के नेतृत्व वाली अफगान सरकार ने जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया है। यह सुनकर पाकिस्तान आपा खो बैठा और काबुल पर एयर स्ट्राइक कर दी। अफगानी सेना ने भी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और अब पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी भी दी गई है।

अफगान विदेश मंत्री ने क्या कहा- आमिर खान मुत्ताकी ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा, अफगानिस्तान अपनी सीमा और राष्टीय सुरक्षा की रक्षा करेगा। यही वजह है कि हमने पाकिस्तान के हमले का तुरंत करार जवाब दिया। हमारी सेना ने रात भर में अपने लक्ष्य हासिल कर लिए। कतर और सऊदी अरब ने संघर्ष खत्म करने की अपील की है, इसलिए हमने अपनी तरफ से लड़ाई रोक दी है।

मुत्ताकी ने आगे कहा- अभी के लिए स्थिति नियंत्रण में है। हम सिर्फ अच्छे संबंध और शांति चाहते हैं।

## हमास की कैद से सात इजरायली बंधक रिहा, 13 और छोड़े जाएंगे; नेपाली नागरिक बिपिन जोशी का सूची में नहीं है नाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल और हमास के बीच दो साल से चल रहे युद्ध के बाद दोनों पक्ष शांति समझौते पर सहमत हुए हैं। इसके बाद आज सोमवार से हमास की कैद से इजरायली बंधकों की रिहाई हो रही है। सबसे पहले हमास ने सात इजरायली सैनिकों को रिहा किया है। इस बीच हमास ने एलान किया है कि वह इजरायल के 20 बंदियों को पहले चरण में रिहा करेगा। हमास का दावा है कि ये सभी बंदी जिंदा हैं, इन्हें आज ही रिहा किया जाएगा। सभी 20 लोगों के नाम की सूची को भी हमास ने जारी कर दिया है। हालांकि, इस लिस्ट में नेपाल के रहने वाले बिपिन जोशी का नाम शामिल नहीं है। वहीं, इजरायल के सैनिक तामिर का भी नाम इस सूची में नजर नहीं आया।

वहीं, इजरायली सेना ने बताया कि रेडक्रॉस की अंतरराष्टीय समिति सोमवार को उत्तरी गाजा पट्टी में हमास द्वारा बंधक बनाए गए कई बंधकों को वापस लाने के लिए एक जगह की ओर बढ़ रही है। वहीं, इजरायल द्वारा रिहा किए जाने वाले 1,900 से अधिक फलस्तीनी कैदियों की भी सूची जारी की गई है।

# शांति के रास्ते पर मिडिल ईस्ट! हमास की कैद से 7 बंधक रिहा, सीजफायर के बीच इजरायल पहुंचे ट्रंप





नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की गाजा में शांति योजना की पहल काम आई है। इजरायल और हमास के ट्रंप के शांति योजना पर सहमति बन गई है। यह युद्धविराम समझौता गाजा में दो साल से चल रहे विनाशकारी संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस समझौते के तहत हमास ने आखिरी बचे हुए इजरायली बंधकों को छोड़ दिया है। हमास ने सबसे पहसे 7 बंधकों को रिहा किया है। कुछ देर में अन्य 13 बंधकों को रिहा करने की संभावना किए जाने की है। आज सुबह हमास की ओर से उन 20 बंधकों की लिस्ट जारी की गई थी, जिसे आज रिहा किया जाना है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति इजरायल के दौरे पर पहुंच रहे हैं। बंधकों की ये रिहाई ऐसे समय पर हो रही है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति इस समय मिडिल ईस्ट की यात्रा पर हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति तेल अवीव पहुंचे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप का एयर फोर्स वन विमान बेनगुरियन एयरपोर्ट लैंड किया। इजरायल के लिए रवाना होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने दावा किया था कि हमास और इजरायल के बीच अब युद्ध समाप्त हो गया है। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि आगे भी ये सीजफायल लागू रहेगा।

बता दें कि तेल अवीव में होस्टेजस्क्वाय में सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे, जो बंधकों की रिहाई पर खुशी व्यक्त कर रहे थे। वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि रेडक्रॉस द्वारा गाजा से बाहर निकाले गए 20 जीवित बंधकों में से पहले सात को उन्होंने प्राप्त कर लिया है।

# पाकिस्तान में पुलिस और TLP समर्थकों के बीच झड़प, सुरक्षाबलों ने दागी गोलियां




नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में गाजा पीस प्लान को समर्थन देने के खिलाफ पिछले कई दिनों से प्रदर्शन जारी है। इस बीच पाकिस्तान में आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प की खबर है। बताया जा रहा है कि इजरायल विरोधी मार्च के दौरान लाहौर में पुलिस के बीच झड़प हुई।

इस झड़प में कम से कम एक अधिकारी और कई प्रदर्शनकारियों के मौत की खबर है। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बल का प्रयोग किया। इसके साथ ही आंसू गैस के गोले दागे।

सोमवार को राजधानी इस्लामाबाद की ओर मार्च कर रहे तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) समर्थकों के बीच पुलिस और हिंसक झड़पों के बाद शहर लगभग ठप हो गया।

टीएएलपी समर्थकों और पुलिस की झड़प में कई लोगों की मौत- एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के पुलिस प्रमुख उस्मानअनवर ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर गोलियां चलाई, जिसमें एक अधिकारी की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। हालांकि, इस दौरान उन्होंने किसी भी प्रदर्शनकारी के हताहत होने की खबर नहीं दी। वहीं, आतंकी संगठन टीएलपी ने एक बयान में कहा कि उसके कई समर्थक मारे गए हैं और कई घायल भी हुए हैं।

# रेड कारपेट पर ग्रैंड वेलकम और सर्वोच्च नागरिक सम्मान.. नेतन्याहू के स्वागत से गदगद हुए ट्रंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल-हमास के बीच बंधकों की अदला-बदली जारी है। हमास ने 7 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप इजरायल की यात्रा पर पहुंचे हैं। इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी ने तेल अवीव के बेनगुरियन एयरपोर्ट पर ट्रंप का स्वागत किया।

वहीं, इससे पहले इजरायली हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने पर, वायु सेना ने ट्रंप का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी यात्रा लोगों के लिए गहरे अर्थ रखती है। इसके अलावा इजरायल के शीर्ष अधिकारियों ने भी ट्रंप का स्वागत किया। ट्रंप की ये मिडिल ईस्ट की यात्रा कई मायनों में खास है।

अमेरिकी राष्ट्रपति का तेल अवीव के बेनगुरियन एयरपोर्ट पर रेड कारपेट पर स्वागत किया गया। इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग और उनकी पत्नी मिशल हर्जोग, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद लोगों में शामिल थे।

बताया जा रहा है कि बेन गुरियन हवाई अड्डा नियंत्रण टॉवर ने एयर फोर्स वन का स्वागत किया और ट्रम्प को उनकी मित्रता और दोनों देशों के बीच अटूट बंधन के लिए धन्यवाद संदेश दिया। इस संदेश में कहा गया कि इजयाल के अधिकारियों की ओर से कहा गया कि राष्ट्रपति महोदय, इजरायल राज्य में आपका स्वागत है। आपकी ये यात्रा इस समय लोगों के लिए गहन अर्थ रखी है। आपकी मित्रता और हमारे देशों के बीच अटूट बंधन के लिए धन्यवाद।

# त्रिपुरा में ड्रग तस्करी का भंडाफोड़, 16 करोड़ की नशीली टैबलेट्स के साथ पकड़ी गई महिला



नई दिल्ली (एजेंसी)। त्रिपुरा में पुलिस ने एक महिला को 16 करोड़ रुपये के ड्रग्स के साथ पकड़ा है। क्रूस्न के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, महिला के पास 16 किलोग्राम मेथाम्फेटामाइन्स टैबलेट्स (लगभग 1,60,000 टैबलेट) मिली हैं।

सीमा सुरक्षा बल और नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो ने खुफिया सूचना के आधार पर साझा ऑपरेशन चलाया। इसके तहत महिला को सीमावर्ती इलाके बोक्सानगर से हिरासत में लिया गया है।

ड्रग्स के 16 पैकेट मिले- आरोपी महिला की पहचान 33 वर्षीय लिपियारा खातून के रूप में हुई है। वो मध्य बोक्सानगर की रहने वाली है और बड़े स्तर पर ड्रग्स का कारोबार करती है। लिपियारा के पास 16 मेथाम्फेटामाइन्स ड्रग्स के पैकेट मिले हैं, जिन्हें भूरे रंग के टेप से ढका गया था। मेथाम्फेटामाइन्स को स्थानीय भाषा में याबा टैबलेट्स भी कहा जाता है, जो एक तरह का स्ट्रांग ड्रग्स है।

त्रिपुरा में बड़ा ड्रग रैकेट- पुलिस ने जब्त किए गए ड्रग्स को NCB अगरतला को सौंप दिया है। बता दें कि बांग्लादेश से 856 किलोमीटर की सीमा लगने के कारण त्रिपुरा में बड़े पैमाने पर ड्रग तस्करी की खबरें सामने आती हैं। ऐसे में BSF और NCB इसके खिलाफ हमेशा एक्टिव रहते हैं। इससे पहले 6 अक्टूबर को असम राइफल्स के जवानों ने त्रिपुरा से 70 करोड़ रुपये का ड्रग्स जब्त करते हुए 4 आरोपियों को धर दबोचा था। वहीं, 29 सितंबर को भी त्रिपुरा से 60.77 किलोग्राम ड्रग्स पकड़े गए थे, जिसकी कीमत 60 करोड़ रुपये आंकी गई थी।

## कार और बस की टक्कर के बाद लगी भीषण आग, जिंदा जलने से 2 की मौत




नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के बीकानेर में एक ट्रक और कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि कुछ ही सेकेंड में कार आग के गोले में तब्दील हो गई। इस घटना में 2 लोग बुरी तरह से झुलस गए और अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

घटना बीकानेर के रायसर स्थित भारत माला रोड की है। आज सुबह एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में आग लग गई।

हादसे में 2 की मौत- हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद कार की आग पर काबू पाया गया। इस दौरान कार में बैठे 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

नापासर के एसएचओ लक्ष्मण सुधार के अनुसार, कार में मौजूद दोनों व्यक्ति जिंदा जल गए थे। घायलों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। एसएचओ का कहना है कि ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मारी थी। हालांकि, हादसे की सटीक वजह अभी सामने नहीं आई है।

## दूसरे समन के बाद सिंगापुर से असम पहुंचे तीन NRI, सीआईडी ने शुरू की पूछताछ



नई दिल्ली (एजेंसी)। मशहूर गायक जुबीनगर्ग की मौत मामले की जांच की जा रही है। इस बीच सिंगापुर में अंतिम क्षणों में मौजूदगी के गवाह रहे तीन और असमिया प्रवासी सोमवार को अपने खिलाफ जारी दूसरे नोटिस के जवाब में पुलिस के सामने पेश हुए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दो दिनों में सिंगापुर में रहने वाले कुछ और असमिया प्रवासी भारतीयों के असम पुलिस के समक्ष बयान दर्ज कराने आने की उम्मीद है।

तीनों NRI से पूछताछ हुई शुरू- इस मामले को लेकर आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के विशेष डीजीपी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जिओलंगसतनार जारी, परीक्षित शर्मा और सिद्धार्थ बोरा सुबह सीआईडी मुख्यालय पहुंचे, जबकि एक अन्य प्रवासी भास्कर ज्योति दत्ता के भी दिन में बाद में पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हमने तीनों से पूछताछ शुरू कर दी है। अब हम चौथे व्यक्ति का इंतजार कर रहे हैं।

10 नए लोगों को पुलिस ने जारी किया समन- असम एसोसिएशन सिंगापुर से जुड़े 10 नए लोगों को भी पुलिस ने समन जारी किया है। इससे पहले, सिंगापुर से केवल एक असमिया व्यक्ति, रूपकमलकलिता, सीआईडी के सामने पेश हुए और उनसे 24 घंटे

## ठाणे- 5 साल पहले हुए जानलेवा हमले पर आया कोर्ट का फैसला, आरोपी को दी 7 साल के कठोर कारावास की सजा



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई के ठाणे में अदालत ने एक व्यक्ति को 7 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उसे जानलेवा हमले का दोषी पाया है, जिसके बाद यह सजा सुनाई गई है।

यह मामला 10 फरवरी 2020 का है। आपसी रंजिश के चलते 23 वर्षीय आकाश शुकलाल भोये ने सुमित विष्णु गवित पर खतरनाक हमला किया था। महाराष्ट्र के ठाणे में एक मंदिर के मुख्य द्वार पर ही हमले को अंजाम दिया गया था।

क्या था पूरा मामला- इस हमले में आकाश ने समित पर चाकू से हमला किया था, जिससे सुमित बुरी तरह घायल हो गया था। उसके सिर, सीने और पीठ पर चाकू के गहरे घाव थे, जिससे वो पूरी तरह लहूलुहान हो गया था। हालांकि, अस्पताल में इलाज के दौरान सुमित की जान बच गई। वर्तकनगर पुलिस ने मामले पर केस दर्ज किया था।

मुख्य आरोपी समेत 3 को मिली सजा- वहीं, अब 5 साल बाद मामले पर कोर्ट का फैसला आया है। सेशन जज एस बी अग्रवाल ने समित की मेडिकल रिपोर्ट और आकाश के पास धारदार हथियार मिलने के आधार पर सभी आरोपों को सही माना है। अदालत ने 10 अक्टूबर को आकाश को 7 साल के कठोर कारावास में भेजने का फैसला सुनाया है। साथ ही आकाश का साथ देने वाले 2 अन्य आरोपियों को भी सजा दी गई है।

देना होगा 1 लाख रुपये का जुर्माना- फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि 6 महीने पहले हुई लड़ाई के आधार पर यह हमला किया गया। इसलिए भोये को 7 साल के कठोर कारावास के साथ 1 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई जाती है। वहीं, जुर्माने की यह राशि पीड़ित को दी जाएगी।

## करूर भगदड़ की होगी CBI जांच, SC का आदेश; एक्टर विजय की रैली में हुई थी 41 लोगों की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से नेता बने विजय की रैली में मची भगदड़ से 41 लोगों की मौत हो गई। तमिलनाडु सरकार और मद्रास हाईकोर्ट के बाद अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने भगदड़ की CBI जांच करने के आदेश दिए हैं।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट को भी फटकार लगाई है। अदालत का कहना है कि जब मामला पहले से मदुरै कोर्ट में चल रहा था, तो मद्रास हाईकोर्ट ने बीच में हस्तक्षेप क्यों किया?


तमिलनाडु सरकार से पूछा सवाल- करूर भगदड़ पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से भी सवाल पूछे हैं। सर्वोच्च न्यायालय का कहना है कि राज्य सरकार ने कम जगह का हवाला देते हुए करूर में 10 अक्टूबर को AIADMK को रैली करने की इजाजत नहीं दी थी। ऐसे में 27 अक्टूबर को विजय की पार्टी TVK को रैली की अनुमति कैसे मिल गई?

मद्रास हाईकोर्ट को लगाई फटकार- वहीं, मद्रास हाईकोर्ट से सवाल पूछते हुए जस्टिस महेश्वरी ने कहा, मैंने अपने 15 साल के करियर में ऐसा पहले कभी नहीं देखा कि जो मामला डिवीजन बेंच में चल रहा है, उसपर मद्रास हाईकोर्ट की एक जज की बेंच ने SIT जांच का आदेश कैसे दे दिया?

कमेटी बनाने का आदेश- CBI जांच के अलावा सुप्रीम कोर्ट ने 3 सदस्यों की कमेटी बनाने का भी आदेश दिया है, जो जांच पर नजर रखेगी। इस कमेटी की अध्यक्षता पूर्व जस्टिस अजय रस्तोगी करेंगे। वहीं, कमेटी में IGP रैंक वाले तमिलनाडु कैडर के 2 IPS अधिकारी भी मौजूद होंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा- कमेटी CBI जांच की निगरानी करेगी। साथ ही भगदड़ केस की भी जांच की जाएगी। वहीं, जरूरत पड़ने पर यह कमेटी किसी भी समय सुप्रीम कोर्ट से संपर्क कर सकती है।

## राहुल गांधी के वोट चोरी वाले आरोपों से जुड़ी याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कुछ समय पहले कर्नाटक चुनाव में धांधली का आरोप लगाया था। बेंगलुरु सेंट्रल समेत कई विधानसभाओं में वोट चोरी का दावा किया गया था, जिसकी जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हालांकि, अदालत ने इस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिक में रिटायर्ड जस्टिस की अगवाई में स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम बनाने की मांग की गई थी, जो इस पूरे मामले की जांच करती। मगर, सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा- सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह मामला चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए चुनाव आयोग के सामने यह मुद्दा उठाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हमने याचिकाकर्ता के वकील की बात सुनीं। कथित तौर पर यह याचिका जनहित में दायर की गई है, लेकिन हम ऐसी किसी भी याचिका पर सुनवाई नहीं करेंगे। याचिकाकर्ता यह मामला चुनाव आयोग के समक्ष उठा सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए एडवोकेट रोहित पांडे ने कहा, चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी, लेकिन मामले पर कोई कदम नहीं उठाया गया। मगर, कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने से साफ इनकार कर दिया।

राहुल गांधी ने लगाया था आरोप- बता दें कि 7 अगस्त को राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कर्नाटक चुनाव में धांधली का दावा किया था। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी पर वोट चोरी करने का भी आरोप लगाया था।


दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in
jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण अष्टमी


## संपादकीय

# हमारे बड़े बुजुर्गों के माध्यम से हमने कई बार सतयुग का नाम सुने हैं..



भारतीय संस्कृति, सभ्यता के बारे में हमने साहित्य और इतिहास के माध्यम से और भारत माता की गोद में रहकर पारिवारिक संस्कृति,मान सम्मान,रीति-रिवाजों से इसे प्रत्यक्ष महसूस भी कर रहे हैं। परंतु हमारे बड़े बुजुर्गों के माध्यम से हमने कई बार सतयुग का नाम सुने हैं, जिसका वर्णन वे स्वर्गलोक् के तुल्य करते हैं। याने इतनी सुखशांति, अपराध मुक्ति, इमानदारी,शांति सरोवर तुल्य, कोई चालाकी चतुराई गलतफहमी या कुटिलता या भ्रष्टाचार नहीं, बस एक ऐसा युग कि कोई अगर कुछ दिन, माह के लिए बाहर गांव जाए तो अपने घरों को ताला तक लगाने की ज़रूरत नहीं!अब कल्पना कीजिए कि अपराध बोध मुक्त युग!मेरा मानना है कि हमारी पूर्व की पीढ़ियों ने ऐसा युग जिए होंगे तब यह बोध आगे की पीढ़ियों में आया,जिसे सतयुग के नाम से जरूर जाना जाता है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान युग पर बड़े बुजुर्गों में चर्चा की करें तो इस इसे कलयुग नाम देते हैं, याने सभी प्रकार के अपराध बोध से युक्त संसार। हर तरह की बेईमानी, भ्रष्टाचार कुटिलता से भरा हुआ युग!आज भी बुजुर्गों का मानना है कि वह सतयुग फिर आएगा,याने आज की तकनीकी भाषा में अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार बेईमानी कुटिलता मुक्त पारदर्शिता और अनेकता में एकता वाले भारत की परिकल्पना का युग।

साथियों बात अगर हम अपराध, भ्रष्टाचार, बेईमानी, कुटिलता से भरे जग की करें तो मेरा मानना है कि इसका मुख्य प्रवेश द्वार क्रोध, उत्तेजित स्वभाव व लालच है जिसमें आपराधिक बोध प्रवृत्ति का जन्म होता है और व्यक्ति क्रोध में हिंसा, अपराध, लालच, भ्रष्टाचार, बेईमानी और कुटिलता के अमानवीय कृति और अन्य गलत कार्यों की ओर मुड़ जाता है और आगे बढ़ते ही चले जाता है जब जीवन के असली महत्व का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। क्रोध की अभिव्यक्ति हमारे अंदर की कुंठा, हिंसा व द्वेष के कारण भी हो सकती है। वर्तमान काल में अपराधों के बढ़ने का एक प्रमुख कारण भीषण क्रोध ही है। क्रोध से उत्पन्न हुए अपराधों के औचित्य को सिद्ध करने के लिए क्रोधी व्यक्ति कुतर्क कर दूसरे को ही दोषी सिद्ध करता है। एक दोष को दूर करने के लिए अनेक कुतर्क पेश करता है। क्रोध में व्यक्ति आपा खो देता है। क्रोध में अंततः बुद्धि निस्तेज हो जाती है और विवेक नष्ट हो जाता है। क्रोध का विकराल रूप जुनून है। आदमी पर जुनून सवार होने पर वह जघन्य से जघन्य अपराध कर बैठता है। जुनून की हालत में उसे मानवीय गुणों का न बोध रह पाता है और न ही ज्ञान। क्रोध मानव का सबसे बड़ा शत्रु है, बहुत बड़ा अभिशाप है।

साथियों बात अगर हम शांत, परोपकारी स्वभाव ही जीवन का मूल मंत्र की करें तोअभिभावकों, शिक्षकों को बच्चों को यह शिक्षा देना है और हम बड़ों को यह स्वतः संज्ञान लेना है कि माचिस की तीली बनने की बजाय शांत सरोवर बनना होगा, जिसमें कोई अंगारा भी फेंके तो स्वयं ही बुझ जाए, बस! यह भाव अगर हम मनीषियों के हृदय में समाहित हो जाए तो यह विश्व फिर सतयुग का रूप धारण करेगा जहां किसी तरह का कोई अपराध बोध या गलत काम का भाव नहीं होगा। सभी मनीषी जीव परोपकारी भाव से युक्त होंगे भाईचारा, प्रेम, सद्भाव की बारिश होगी जहां बिना ताले घरबार छोड़ कहीं भी जाने के भाव जागृत होंगे और हमारे बुजुर्गों का सतयुग रूपी सपना साकार होगा।

साथियों बात अगर हम स्वयं को माचिस की तीली याने क्रोधित होने पर विपरीत परिणामों की करें तो, क्रोध मनुष्य को बर्बाद कर देता है और उसे अच्छे बुरे का पता नही चलने देता, जिस कारण मनुष्य का इससे नुक्सान होता है। क्रोध मनुष्य का प्रथम शत्रु होता है।

# लाला हरदयाल




लाला हरदयाल प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। लाला हरदयाल जी ने ग़दर पार्टी की स्थापना की थी। विदेशों में भटकते हुए अनेक कष्ट सहकर लाला हरदयाल जी ने देशभक्तों को भारत की आज़ादी के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

शिक्षा- लाला हरदयाल जी ने दिल्ली और लाहौर में उच्च शिक्षा प्राप्त की। देशभक्ति की भावना उनके अन्दर छात्र जीवन से ही भरी थी। मास्टर अमीर चन्द, भाई बाल मुकुन्द आदि के साथ उन्होंने दिल्ली में भी युवकों के एक दल का गठन किया था। लाहौर में उनके दल में लाला लाजपत राय जैसे युवक सम्मिलित थे। एम. ए. की परीक्षा में सम्मानपूर्ण स्थान पाने के कारण उन्हें पंजाब सरकार की छात्रवृत्ति मिली और वे अध्ययन के लिए लंदन चले गए।

पोलिटिकल मिशनरी- लंदन में लाला हरदयाल जी भाई परमानन्द, श्याम कृष्ण वर्मा आदि के सम्पर्क में आए। उन्हें अंग्रेज़ सरकार की छात्रवृत्ति पर शिक्षा प्राप्त करना स्वीकार नहीं था। उन्होंने श्याम कृष्ण वर्मा के सहयोग से 'पॉलिटिकल मिशनरी' नाम की एक संस्था बनाई। इसके द्वारा भारतीय विद्यार्थियों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने का प्रयत्न करते रहे। दो वर्ष उन्होंने लंदन के सेंट जोंस कॉलेज में बिताए और फिर भारत वापस आ गए।

सम्पादक - हरदयाल जी अपनी ससुराल पटियाला, दिल्ली होते हुए लाहौर पहुँचे और 'पंजाब' नामक अंग्रेज़ी पत्र के सम्पादक बन गए। उनका प्रभाव बढ़ता देखकर सरकारी हल्कों में जब उनकी गिरफ़्तारी की चर्चा होने लगी तो लाला लाजपत राय ने आग्रह करके उन्हें विदेश भेज दिया। वे पेरिस पहुँचे। श्याम कृष्णा वर्मा और भीकाजी कामा वहाँ पहले से ही थे। लाला हरदयाल ने वहाँ जाकर 'वन्दे मातरम्' और 'तलवार' नामक पत्रों का सम्पादन किया। 1910 ई. में हरदयाल सेनफ़्राँसिस्को, अमेरिका पहुँचे। वहाँ उन्होंने भारत से गए मज़दूरों को संगठित किया। 'ग़दर' नामक पत्र निकाला।


ग़दर पार्टी - ग़दर पार्टी की स्थापना 25 जून, 1913 ई. में की गई थी। पार्टी का जन्म अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एस्टोरिया में अंग्रेजी साम्राज्य को जड़ से उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से हुआ। ग़दर पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष सोहन सिंह भकना थे। इसके अतिरिक्त केसर सिंह थथगढ (उपाध्यक्ष), लाला हरदयाल (महामंत्री), लाला ठाकुरदास धुरी (संयुक्त सचिव) और पण्डित कांशीराम मदरोली (कोषाध्यक्ष) थे। 'ग़दर' नामक पत्र के आधार पर ही पार्टी का नाम भी 'ग़दर पार्टी' रखा गया था। 'ग़दर' पत्र ने संसार का ध्यान भारत में अंग्रेज़ों के द्वारा किए जा रहे अत्याचार की ओर दिलाया। नई पार्टी की कनाडा, चीन, जापान आदि में शाखाएँ खोली गईं। लाला हरदयाल इसके महासचिव थे।

सशस्त्र क्रान्ति- प्रथम विश्वयुद्ध आरम्भ होने पर लाला हरदयाल ने भारत में सशस्त्र क्रान्ति को प्रोत्साहित करने के लिए क़दम उठाए। जून, 1915 ई. में जर्मनी से दो जहाज़ों में भरकर बन्दूकें बंगाल भेजी गईं, परन्तु मुखबिरों के सूचना पर दोनों जहाज़ जब्त कर लिए गए। हरदयाल ने भारत का पक्ष प्रचार करने के लिए स्विट्ज़रलैण्ड, तुर्की आदि देशों की भी यात्रा की। जर्मनी में उन्हें कुछ समय तक नज़रबन्द कर लिया गया था। वहाँ से वे स्वीडन चले गए, जहाँ उन्होंने अपने जीवन के 15 वर्ष बिताए।



मृत्यु- हरदयाल जी अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए कहीं से सहयोग न मिलने पर शान्तिवाद का प्रचार करने लगे। इस विषय पर व्याख्यान देने के लिए वे फिलाडेलफिया गए थे। 1939 ई. में वे भारत आने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने अपनी पुत्री का मुँह भी नहीं देखा था, जो उनके भारत छोड़ने के बाद पैदा हुई थी, लेकिन यह न हो सका, वे अपनी पुत्री को एक बार भी नहीं देख सके। भारत में उनके आवास की व्यवस्था हो चुकी थी, पर देश की आज़ादी का यह फ़कीर 4 मार्च, 1939 ई. को कुर्सी पर बैठा-बैठा विदेश में ही सदा के लिए पंचतत्त्व में विलीन हो गया।

# अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार की हुई घोषणा; मोकिर, अघियन और हॉविट को इस काम के लिए मिलेगा प्राइज



नई दिल्ली (एजेंसी)। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने इकोनॉमी में 2025 के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी है। अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार जोएल मोकिर, फिलिप अघियन और पीटर हॉविट को मिलेगा। उन्होंने ÷नवाचार-संचालित आर्थिक विकास की व्याख्या करने÷ के काम के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है।

मोकिर ने ऐतिहासिक स्रोतों का इस्तेमाल निरंतर विकास के नए सामान्य बनने के कारणों को उजागर करने के लिए किया।


अघियन और हॉविट ने निरंतर विकास के पीछे के तंत्र का अध्ययन किया। 1992 के एक लेख में, उन्होंने रचनात्मक विनाश नामक एक गणितीय मॉडल तैयार किया। उन्होंने बताया कि जब कोई नया और बेहतर उत्पाद बाजार में आता है, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कंपनियां हार जाती हैं।

पिछले साल किसे मिला अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार- पिछले साल का पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन - को दिया गया था। इन अर्थशास्त्रियों ने इस बात का अध्ययन किया था कि कुछ देश अमीर क्यों हैं और दूसरे गरीब क्यों। उन्होंने यह प्रमाणित किया था कि अधिक स्वतंत्र और खुले समाज के समृद्ध होने की संभावना अधिक होती है। पिछले सप्ताह मेडिसिन, फिजिक्स, केमिस्ट्री, साहित्य और शांति के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की गई थी।

नोबेल पुरस्कार के बारे में - अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार को औपचारिक रूप से अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में बैंक ऑफ स्वीडन प्राइज इन इकोनॉमिक साइंसेज के रूप में जाना जाता है। बैंक ने 1968 में नोबेल की स्मृति में इसकी स्थापना की थी और 1969 से यह पुरस्कार दिया जा रहा है। अल्फ्रेड नोबेल 19वीं सदी के स्वीडिश व्यवसायी और केमिस्ट थे जिन्होंने डायनामाइट का आविष्कार किया। इन्होंने पांच नोबेल पुरस्कारों की स्थापना की थी।

अभी तक अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार 56 बार में कुल 96 विजेताओं को प्रदान किया जा चुका है। सोमवार की घोषणा से पहले विजेताओं में केवल तीन महिलाएं थीं। कुछ विशेषज्ञ अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार को तकनीकी रूप से नोबेल पुरस्कार नहीं मानते हैं। हालांकि इसे हमेशा 10 दिसंबर को नोबेल की पुण्यतिथि पर अन्य पुरस्कारों के साथ प्रदान किया जाता है। अल्फ्रेड नोबेल की मृत्यु वर्ष 1896 में हुई थी।

## चिप, कार, टैंक-फाइटर प्लेन... क्या अमेरिका और यूरोप की लगाम बनेगा चीन



नई दिल्ली (एजेंसी)। कार से लेकर टैंकों और लड़ाकू विमानों तक चीन इन सभी चीजों पर नए निर्यात प्रतिबंध लगाने की तैयारी में है। यह उसकी वैश्विक व्यापार को नियंत्रित करने की बहुत बड़ी चाल हो सकती हैं। उसके इस खुराफात ने नए व्यापारिक संघर्ष को जन्म दे दिया है। यह चीन को न केवल अमेरिका, बल्कि यूरोप को भी अपना दुश्मन बना लेगा।

यह नियम 8 नवंबर और 1 दिसंबर तक कई चरणों में लागू होने वाले हैं। ये नए नियम पूरी दुनिया पर लागू होते हैं। जिससे व्यापार को लेकर बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के दौर में महत्वपूर्ण विनिर्माण क्षेत्र में चीन का दबदबा तेजी से बढ़ रहा है। इन्हीं प्रतिबंधों का नतीजा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को 1 नवंबर से चीनी आयात पर 100त्न नए टैरिफ लगाने की धमकी दी। ये नियम अप्रैल से चीन के लागू की गई दुर्लभ मृदा धातुओं जिनका खनन और प्रसंस्करण मुख्यतः चीन में होता है और उनसे बने चुम्बकों के निर्यात की सीमा से कहीं आगे निकल गए हैं।

गुरुवार को कई घोषणाओं के जरिए चीन ने इलेक्ट्रिक मोटरों, कंप्यूटर चिप्स और अन्य उपकरणों के विश्वव्यापी निर्यात पर अपने प्रतिबंध बढ़ा दिए हैं, जो आधुनिक जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं और अब मुख्यतः चीन में निर्मित होते हैं।

# सुस्त लिस्टिंग के बाद टाटा कैपिटल की तरफ से आई बड़ी अपडेट




नई दिल्ली (एजेंसी)। नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी टाटा कैपिटल का लक्ष्य अगले तीन साल में अपनी लोन बुक को दोगुना करने का है। साथ ही इसे भरोसा है कि फ्यूचर में डेट कॉस्ट एक प्रतिशत से कम रह जाएगी।

कंपनी के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) और मैजेगिं डायरेक्टर राजीव सभरवाल ने कंपनी के बाजार में लिस्ट होने के बाद कहा कि आईपीओ से जुटाई गई नई पूंजी ढाई साल से अधिक समय के लिए पर्याप्त होगी।

सुस्त रही लिस्टिंग- टाटा कैपिटल लिमिटेड का शेयर 326 रुपये के आईपीओ प्राइस के मुकाबले सोमवार को एक प्रतिशत से थोड़ी अधिक बढ़त के साथ 330 रुपये के भाव पर लिस्ट हुआ। बाद में शेयर बीएसई और एनएसई दोनों पर थोड़ा ऊपर चढ़ा।

सभरवाल ने कहा, '' यदि हमारे देश की ग्रोथ रेट हमारी उम्मीद के अनुरूप बनी रहती है तो अगले तीन वर्ष में हमारी लोन बुक दोगुनी हो सकती है।''

अभी कितना है लोन- कंपनी का लोन वर्तमान में 2.3 लाख करोड़ रुपये है। एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 50,000 करोड़ रुपये जोड़ने में सिर्फ एक वर्ष का समय लगा, जबकि शुरुआत में 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने में 10 साल लगे थे। सभरवाल ने कहा कि इस वर्ष मई में टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय के बाद लोन कॉस्ट 1.4 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

उन्होंने कहा कि टाटा कैपिटल के लिए लोन कॉस्ट हमेशा एक प्रतिशत से कम रही है। कंपनी को ''पूरा विश्वास है कि वह इसे बहुत जल्द एक प्रतिशत से नीचे ले आएगी।'' कंपनी के लिस्ट होने के लिए आयोजित कार्यक्रम में पैरेंट कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन भी शामिल हुए।

## आज से बढ़ गए इन 2000 मेडिकल प्रोसिजर के दाम, 11 साल बाद CGHS की दरों में इजाफा




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार के करोड़ों कर्मचारियों और पेंशनर्स को अब इलाज पर ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे, क्योंकि सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम की दरों में बदलाव आज से लागू हो गए हैं। 11 साल बाद सरकार ने पहली बार 2000 मेडिकल प्रोसिजर की कीमतों में परिवर्तन किया। इलाज के खर्चों में हुए यह बदलाव अस्पताल के प्रकार, शहर के वर्गीकरण और वार्ड पात्रता के आधार पर लागू किए गए हैं।

दरअसल, सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम, केंद्रीय कर्मचारियों के लिए एक इंश्योरेंस स्कीम है, जो उन्हें अन्य लाभों के अलावा डायग्नोस्टिक टेस्ट, कंसल्टेशन, सर्जरी और अस्पताल में भर्ती होने जैसे विभिन्न मेडिकल खर्च पर होने वाले चार्जेस पर सब्सिडी प्रदान करती है।

खास मेडिकल टेस्ट और उनकी नई दरें- CGHS पैकेज में OPD कंसल्टेशन, यूरिन रुटीन, स्टूल रुटीन, हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट काउंट, सीरम क्रिएटिनिन, सीरम यूरिक एसिड, लिपिड प्रोफाइल, विटामिन B12 और विटामिन D3 समेत अन्य कई मेडिकल प्रोसिजर शामिल हैं, जिनकी दरों में इजाफा किया गया है।हेल्थ मिनिस्ट्री के अनुसार, ष्टत्र॥स् पैकेज कर्मचारियों को एक एकमुश्त मेडिकल कॉस्ट ऑफर करता है, जो अस्पताल में भर्ती होने से लेकर छुट्टी मिलने तक लागू होती है, और व्यक्ति के पूरे मेडिकल साइकल को कवर करती है।

# एक साल में 2400% का रिटर्न, 1 लाख के बनाए ?25 लाख; अब रॉकेट की स्पीड से भाग रहा तांबा कंपनी का शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले कुछ दिनों में सोना-चांदी के अलावा एक और है, जिसकी चर्चा खूब जोर-शोर से हो रही है। कमोडिटी एक्सपर्ट भी इस धातु को खरीदने की सलाह दे रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये धातु अगली गोल्ड बनेगी। और वो धातु है- कॉपर, यानी तांबा। खास बात यह है कि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर जहां तांबें की कीमतें आसमान छू रही हैं तो वहीं तांबे के प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों के शेयर छप्पर फाड़ कमाई करा रहे हैं, जो निवेशकों के लिए मल्टीबैगर साबित हो रहे हैं।

ऐसा ही एक स्टॉक है, जो पिछले एक साल में 2400% से ज्यादा का मल्टीबैगर रिटर्न दे चुका है। कंपनी तांबे के ट्यूब, इलेक्ट्रिक गैजेट्स के सामान बनाती है। और उस कंपनी का नाम है- मार्डिया सैमयॉन्ग कैपिलरी ट्यूब्स कंपनी लिमिटेड । अब सवाल यह है कि ये कंपनी कितनी पुरानी है, क्या काम करती है, परफॉर्मेंस कैसी है और इसके शेयर आपको खरीदने चाहिए या फिर नहीं। तो चलिए समझते हैं सबकुछ।

1 लाख के बनाए 25 लाख रुपए- मार्डिया सैमयॉन्ग कैपिलरी ट्यूब्स कंपनी लिमिटेड महाराष्ट्र की स्मॉलकैप कंपनी है और इसका शेयर पेनी स्टॉक है। इसका मार्केट कैप 61.4 करोड़ रुपए है। कंपनी क्चस्श्व पर लिस्टेड है। एक साल पहले इसके एक शेयर की कीमत 3.57 रुपए थी, जो अब 88.2 रुपए पहुंच गई है। यानी अगर आपने एक साल पहले इसमें एक लाख रुपए इन्वेस्ट किए होते तो आज उसकी वैल्यू करीब 24,90,000 रुपए होती। इसने एक साल में करीब में 2,390% का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है।

## एक गिरफ्तारी से बुरी तरह ढह गए अनिल अंबानी की कंपनी के शेयर, रिलायंस पावर और इन्फ्रा में 10% तक की गिरावट



नई दिल्ली (एजेंसी)। अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप की कंपनी के शेयरों में आए दिन किसी खबर के चलते बड़ी गिरावट देखने को मिलती है। 13 अक्तूबर को अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयर 10 फीसदी तक टूट गए, जबकि रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयर 4.5 फीसदी तक गिर गए। कंपनी के शेयरों में यह गिरावट उस रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें दावा किया गया है कि सरकारी जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने कथित फर्जी बैंक गारंटी और फर्जी इनवॉइसिंग मामले में रिलायंस पावर के वरिष्ठ कार्यकारी अशोक कुमार पाल को गिरफ्तार किया है। टीओई की रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिलायंस पावर के शेयर 10त्न फीसदी की गिरावट के साथ 43.55 रुपये पर खुले, जबकि रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 4.5त्न गिरकर 231 रुपये प्रति शेयर पर आ गए। हालांकि, गिरावट के बाद दोनों शेयरों में खरीदारी देखने को मिली है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# पीएम श्री कन्या विद्यालय में प्राचार्य की बर्बरता! मामूली गलती पर छात्राओं की बेरहम पिटाई, 3 बेहोश, एक का टूटा हाथ

मैहर। शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाली एक चौंकाने वाली घटना रामनगर से सामने आई है। पीएम श्री कन्या विद्यालय रामनगर में सोमवार को विद्यालय के प्राचार्य प्राचार्य संतोष पटेल द्वारा तीन छात्राओं की बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद बेहोश हुई छात्राएं

घटना के बाद छात्राएं बेहोश होकर गिर पड़ीं, जिनमें से एक छात्रा का हाथ टूटने की जानकारी मिली है। जानकारी के मुताबिक विद्यालय की तीन छात्राओं ने कक्षा में किसी मामूली गलती पर माफी मांगी थी, लेकिन प्राचार्य का गुस्सा इतना बढ़ गया कि उन्होंने छात्राओं को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिटाई इतनी क्रूर थी कि छात्राएं बेहोश होकर जमीन पर गिर गईं। विद्यालय परिसर में हडक़ंप मच



गया। अन्य शिक्षक और छात्राएं भयभीत हो गईं। इस घटना से अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में गुस्सा है। लोगों ने मांग की है कि आरोपी प्राचार्य को तत्काल निलंबित कर कठोर कार्रवाई की जाए। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने भी मामले की आंतरिक जांच शुरू कर दी है।

**मौके पर पहुंचीं तहसीलदार**- घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीएम मैहर अनामिका सिंह के निर्देश पर तहसीलदार रामनगर मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने घायल छात्राओं का बयान दर्ज किया। छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

एक छात्रा के हाथ में फ्रैक्चर की पुष्टि डॉक्टरों ने की है। तहसीलदार ने बताया कि घटना की रिपोर्ट तैयार की जा रही है और जिला शिक्षा अधिकारी को विस्तृत प्रतिवेदन भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, ÷छात्राओं के कथन लिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में प्राचार्य की मारपीट की पुष्टि हुई है। मामले की पूरी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जा रही है।÷पहले कस्तूरबा गांधी छात्रावास के रह चुके प्रभारी

सूत्रों के अनुसार, आरोपी प्राचार्य प्राचार्य संतोष पटेल पहले कस्तूरबा गांधी छात्रावास के प्रभारी रह चुके हैं। उनके खिलाफ पहले भी छात्राओं के साथ अभद्रता और अनुचित व्यवहार के आरोप लग चुके हैं, जिसके चलते उन्हें उस पद से हटाया गया था। बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई से आहत होकर उन्होंने विद्यालय में छात्राओं के प्रति क्रूरता दिखाई।

## सांड ने युवक पर हमला कर उछाला, पेट में 6 इंच तक घुस गया सींग; एमपी के भोपाल की घटना



भोपाल। शाहजहांनाबाद इलाके में इस्लामी गेट के पास आवारा सांड ने एक युवक पर अचानक हमला कर दिया। युवक कुछ समझ पाता इससे पहले ही सांड ने युवक के पेट में सींग घुसाकर उसे पांच फीट दूर उछाल दिया। युवक के पेट के निचले हिस्से में सांड का सींग करीब 6 इंच अंदर तक घुस गया। जिससे युवक अचेत होकर गिर गया। वहीं, युवक को लहूलुहान हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। गनीमत ये है कि सींग लगने से युवक के इंटरनल आर्गन्स को कोई भी नुकसान नहीं हुआ इससे उसकी जान बच गई। मामला शनिवार शाम करीब सात बजे का है, लेकिन यह सिर्फ एकलौता मामला नहीं, जब बेसहारा गोवंश ने इंसानों पर हमला कर उन्हें जख्मी किया है। बेसहारा गोवंश के हमले में कई लोगों की पूर्व में भी जान तक जा चुकी है। जबकि सड़कों पर बैठे बेसहारा गोवंश से टकराने से हुए हादसों में भी कई लोगों को जान गंवानी पड़ी है।

## हवाला कांड के बाद मचा हड़कंप, कंट्रोल रूम में डटे आइजी-डीइजी, मामले की चल रही जांच

सिवनी। हवाला मामले की चिंगारी से उठता धुआं जल्द बंद होता नहीं दिख रहा है। इस प्रकरण में संदिग्ध आचरण में एसडीओपी, टीआई सहित 11 पुलिस कर्मियों का अब तक निलंबन हो चुका है। वहीं मामले में उच्च स्तरीय अधिकारियों की निगरानी में चल रही जांच अभी पूरी नहीं हुआ है। हालांकि हवाला के 1.45 करोड़ रुपये बरामद होने के मामले में 11 अक्टूबर की देर रात लखनवाड़ा पुलिस थाना में तीन लोगों पर संगठित अपराध की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर 12 अक्टूबर को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेकिन 8-9 अक्टूबर की रात कार में फरियादी ने 2 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये होने की बात कही थी, जो सही है या नहीं अब तक की जांच में यह बात खुलकर सामने नहीं आई है।




**पुलिस कंट्रोल रूम में तैयार हो रही है रिपोर्ट**- इधर जबलपुर एएसपी आयुष गुप्ता 10 अक्टूबर से जबलपुर आइजी के निर्देशन में प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट तैयार करने में लगे हैं। वहीं 13 अक्टूबर की सुबह सिवनी पुलिस कंट्रोल में जबलपुर आइजी प्रमोद वर्मा, छिंदवाड़ा डीईजी राकेश कुमार सिंह भी पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार पुलिस कप्तान, एएसपी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम में प्रकरण पर जांच चल रही है। कहा जा रहा है कि शाम तक इस मामले में अभी तक हुई कार्रवाई की अधिकारिक जानकारी पुलिस अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक की जा सकती है।

**पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी**-महाराष्ट जालना के तीन आरोपित सोहन परमार, शेख मुख्तार व इरफान पठान पुलिस की गिरफ्त में है। साथ ही जिस गाड़ी में हवाला के रुपयों का अवैध परिवहन किया जा रहा था, उसे पहले ही पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। यह करोड़ों रुपये जुआ-सट्टा सहित अन्य आपराधिक कार्यों के होने का अंदेशा है। नागपुर गई पुलिस की एक टीम वापस लौट गई है जबकि दूसरी टीम के सतना में होने की बात कही जा रही है। हवाला रुपयों को इधर-उधर करने में शामिल अन्य आरोपियों के नाम भी सामने आ सकते हैं।पुलिस विभाग में हड़कंप की स्थिति

लखनवाड़ा थान में दर्ज एफआईआर के अनुसार घटना की रात वाहन सफेद रंग की क्रेटा कार क्र. एमएच 13 ईके 3430 में इरफान पठान पुलबंडी जिला औरंगाबाद तथा शेख मुख्तार उज्जैन पुरी तहसील बदनापुर जिला जालना महाराष्ट्र निवासी सवार थे, जो कार्रवाई के दौरान मौके से फरार हो गए। जबकि पकड़ी गई रकम पर जालना के सोहन परमार ने अपना दावा करते हुए पुलिस पर रुपयों की लूटे करने संगीन आरोप लगाए थे। इसके बाद से ही पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। इसके बाद 1.45 करोड़ रुपये की रकम 9 अक्टूबर को सीएसपी पूजा पांडे व एसआई अर्पित भैरम ने प्रस्तुत की थी। मामले में कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहा है। केवल जांच प्रचलित होने की बात कह रहा है।

## अमाड़ी की भाजी की सब्जी खाने के बाद मां-बेटी बीमार, जेठ पर चूहा मार दवा मिलाने का आरोप



बालाघाट। जिले के खैरलांजी के वार्ड नंबर तीन में रहने वाली मां,बेटी अमाड़ी की भाजी की सब्जी खाने के बाद बीमार हो गई है। खाने में अमाड़ी की सब्जी खाने के बाद अचानक उल्टी और चक्कर आने पर दोनों मां बेटी जिनमे इंद्रकला बाई पति कोसन लाल नगपुरे 45 वर्ष और उसकी बेटी रूपाली पिता कोसन लाल नगपुरे 17 वर्ष को खैरलांजी के अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। जिला अस्पताल में भर्ती इंद्र कला बाई नगपुरे ने घरेलू विवाद के चलते अपने जेठ रोशन लाल नगपुरे के परिवार के विरुद्ध ही अमाड़ी कि सब्जी में चूहा मार दवाई डालने का संदेह व्यक्त किया है। इस मामले की जांच खैरलांजी पुलिस द्वारा की जा रही है।

**परिवार के बीच चल रहा है विवाद**-मिली जानकारी के अनुसार कोसन लाल नगपुरे अपने परिवार के साथ खेती किसानी के अलावा वे अपनी पत्नी इंद्रकलाबाई के साथ सीएम राइस स्कूल में काम करने जाते हैं। उसके घर से ही लगा उनके बड़े भाई रोशन लाल का मकान है जिनके बीच घरेलू विवाद चल रहा है। दोनों परिवारों के बीच बोलचाल बंद है। बताया गया है कि 12 अक्टूबर को सुबह 6 बजे कोसनलाल और उसकी पत्नी इंद्रकलाबाई के साथ स्कूल चले गए थे। घर में उनकी बेटी रूपाली थी जिसने माता-पिता के चले जाने के बाद घर की साफ सफाई के खाने में चावल आलू भटे की सब्जी के अलावा अमाड़ी की भी सब्जी बनाई ओर इसके बाद वह पीने का पानी भी लाने गई।

घर में पानी भरने के बाद चावल में अमाड़ी की सब्जी खाने के बाद अपनी मम्मी और पिता का टिफिन लेकर स्कूल गई थी। यहां इंद्रकला बाई ने खाने में चावल और अमाड़ी की सब्जी खाई। खाना खाने के बाद वह स्कूल में काम पर लग गई कुछ देर बाद उसे चक्कर आने लगा और उल्टी भी होने लगी।

तब उसने अपनी बेटी को फोन लगाकर बताई थी मुझे खाना खाने के बाद चक्कर और उल्टी हो रही है तब उसने भी अपनी मां को बताई की मुझे भी चक्कर आ रहे हैं और उल्टी हो रही है। शंका होने पर रूपाली ने चूल्हे के आसपास खोजबीन की तब उसे चूल्हे के पास पैकेट मिला।

## रेलवे का रिटायर्ड अफसर डिजिटल अरेस्ट, ठग ने फोन पर ऐसा डराया कि, ट्रांसफर कर दिए 3.80 लाख

ग्वालियर। रेलवे के रिटायर्ड अधिकारी के साथ ठगी का मामला सामने आया है। उनके पास शातिर ठग का काल आया। ठग ने खुद को सीबीआइ का अधिकारी बताया। इसके बाद अलग-अलग बार में जांच के नाम पर 3.80 लाख रुपए खातों में डलवा लिए।

जब ठगी का अहसास हुआ तब रिटायर्ड रेलवे अधिकारी पुलिस के पास पहुंचे और शिकायत की। जब साइबर सेल ने जांच की तो सामने आया कि इनके पास जो काल आया था, वह कंबोडिया से आया था। फिलहाल ठग पकड़े नहीं गए हैं। ठग ने ऐसे बनाया अपना शिकार

सचिन तेंडुलकर मार्ग स्थित डीबी सिटी में रहने वाले सुधाकर पुत्र सूर्यदेव यादव रेलवे से रिटायर्ड हैं। उनके पास बीते दिनों अंजान नंबर से काल आया। इस दौरान उनकी पत्नी ही घर पर थीं। सुधाकर को कमरे में अकेले रहने को कहा। वह कमरे में चले गए। उनसे कहा कि वह 60 करोड़ के गबन में फंसे हैं। जेट एयरबेस के मालिक द्वारा मनी लांड्रिंग की गई, उसमें उनका खाता ट्रैस हुआ है। वह घबरा गए। इसके बाद उनसे कहा कि उनके खाते में जो रुपए हैं, उनकी जांच होगी। अगर वह घोटाले में शामिल नहीं होंगे तो पूरा पैसा रिलीज कर दिया जाएगा।कंबोडिया से आया था फोन

इस तरह उनसे अलग-अलग खातों में 3.80 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। फिर पांच लाख रुपए और मांगे। तब उन्हें ठगी का पता लगा। फिर उन्होंने बेटे को बताया। इसके बाद पुलिस के पास पहुंचे। जिस नंबर से वाट्स एप पर वाइस व वीडियो काल आया था, वह नंबर कंबोडिया का है।



# जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने चिमली (पानोड़) में 10 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

## सांवेर विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाएंगे



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने रविवार को सांवेर विधानसभा के अंतर्गत चिमली( पानोड़) में 10 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कर ग्रामीणों को कई सौगातें दी है। पानोड़ ग्राम पंचायत के चिमली गाँव में 3 करोड़ 97 लाख की लागत से चिमली घाट के बन जाने के बाद बड़ी संख्या में यहाँ लोग अमावस्या और अन्य पर्व पर एक साथ? स्नान कर पाएंगे। इसी गाँव में 2 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से चिमली बैराज का भी निर्माण किया, इससे 140 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई होगी। साथ ही पानी का स्तर भी बढ़ेगा। मंत्री श्री सिलावट ने चिमली-पानोड़ गणपति मंदिर से बिलोदा सांवेर रोड़ का भूमिपूजन किया। एक करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस रोड़ से हजारों ग्रामीणों को सुविधा ?मिलेगी। ढेड़ करोड़ रुपये की लागत से ईट भट्ठा तरफ पुलिया एवं सीसी रोड़ का भी लोकार्पण किया गया। साथ ही 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि सांवेर विधानसभा प्रदेश की एक ऐसी विधानसभा है, जहाँ सबसे अधिक सड़क परियोजनाएं चल रही है, इसके तहत 900 किलोमीटर की सड़कें बन चुकी या निर्माणाधीन है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गाँवों में सड़क बनने से स्कूल-कॉलेज खुलते हैं, स्वास्थ्य सेवाएं आती है, विकास के नये रास्ते खुलते हैं और नये रोजगार सर्जन होते है। मंत्री श्री सिलावट ने ग्रामीणों से कहा कि वे अपने क्षेत्र में ऐसी समस्याओं या आवश्यकताओं को चिन्हित करें, जो सांवेर क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी है। राज्य शासन के माध्यम से सभी तरह के ?विकास कार्य कराये जाएंगे। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण किये जाए। सांवेर विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना आदि योजनाओं से किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि देश की आत्मा गाँवों में बसती है, किसानों के लिए जमीन उनकी माँ होती है। वे अपनी जमीन को नहीं बेंचे। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में चलायी जा रही भावांतर योजना में किसानों को अपनी फसलों का उचित दाम मिलेगा। सभी किसान बड़ी संख्या में अपना पंजीयन कराये।कार्यक्रम में श्री श्रवण सिंह चावड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, श्री भारत सिंह चौहान, श्री दिलीप चौधरी, श्री अंतर सिंह दयाल, श्री हुकुम सांखला, श्री सुभाष चौधरी, श्री संदीप चँगेदिया, श्री मानसिंह चौहान, श्री रवि वाजपेयी, श्री तूफान सिंह, श्री विपिन जागीरदार, श्री विष्णु चौधरी, श्री भगवान परमार, श्री दयाराम चौधरी मुन्ना जैन, श्री मोहन खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर होगा 2 दिवसीय आयोजन

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन खण्डवा के सहयोग से प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की पुण्य तिथि के अवसर पर 2 दिवसीय राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान अलंकरण समारोह 13 एवं 14 अक्टूबर 2025 को पुलिस ग्राउण्ड खण्डवा में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन ये शाम मस्तानी गीत-संगीत संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

संस्कृति विभाग संचालक श्री एन.पी. नामदेव ने बताया कि महान गायक कलाकार किशोर कुमार की पुण्यतिथि के अवसर पर संस्कृति विभाग परम्परा अनुसार यह आयोजन करता आया है। इस वर्ष यह आयोजन 2 दिवसीय किया जा रहा है। पहले दिन 13 अक्टूबर को सायं 7 बजे से ये शाम मस्तानी गीत-संगीत संध्या के अंतर्गत किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। समारोह में श्री राकेश नागर, सुश्री नुपुर कौशल, श्री अनिल शर्मा, श्री अजीत श्रीवास्तव ङ्क इंदौर एवं श्री भीमराव अटकड़े, श्री गौरव खरे, श्री राजा शर्मा, सुश्री रोशनी पहलवान, श्री जितेन्द्र भांवरकर एवं श्री तोरल बखशी गीतों की प्रस्तुति देंगे।

# इंदौर जिले की 439951 महिलाओं के खाते में 54 करोड़ 99 लाख 38 हजार 750 रूपये की राशि अंतरित की गई

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहनों के कल्याण और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाईदूज और दीपावली का अवसर बहनों के लिए योजना की राशि में वृद्धि की सौगत के रूप में आएगा। आगे से बहनों को 1500 रुपए प्रतिमाह राशि प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में हित लाभ भी वितरित किए। साथ ही श्योपुर जिले के पर्यटन पर केन्द्रित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्योपुर में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बना योजना की 29वीं किस्त की 1541 करोड़ की राशि का अंतरण कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राज्यीय परियोजना पार्वती-काली-सिंध चंबल नदी जोड़ो परियोजना का लाभ श्योपुर अंचल के किसान भाइयों को प्राप्त होगा। निकट भविष्य में यह क्षेत्र कृषि उत्पादन में पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ देगा। मध्यप्रदेश सरकार अन्नदाताओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। गेहूँ पर 2600 रुपए प्रति क्विंटल और बोनस राशि की व्यवस्था की गई, वहीं भावांतर जैसी योजनाएं किसानों के आर्थिक हित संवर्धन के लिए लागू की गई हैं। श्योपुर जिले के मेला ग्राउंड पर हुए भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 532 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इंदौर जिले में लाड़ली बहना योजना के तहत अक्टूबर माह की राशि 1250 रुपये के मान से कुल 439951 महिलाओं को 54 करोड़ 99 लाख 38 हजार 750 रूपये की राशि का भुगतान किया गया।

श्योपुर के लिए बड़ी सौगात है मेडिकल कॉलेज और ब्रॉड गेज रेल लाइन- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा किसान, युवा और गरीब तबके के लोगों का कल्याण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इन वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। श्योपुर अंचल को मेडिकल कॉलेज के रूप में बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 1956 में मध्यप्रदेश का गठन हुआ था। वर्ष 2002 और 03 तक प्रदेश में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज थे। वर्तमान में प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या 32 है। यह प्रदेश सरकार की विशिष्ट कार्यशैली का परिणाम है। बीते एक वर्ष में 8 मेडिकल कॉलेज स्थापित हुए हैं।

## सरयू मेला में झलकी पूर्वांचल की संस्कृति और स्वाद की अनूठी छटा



इंदौर। मालवा की धरती पर शनिवार और रविवार का दिन पूर्वांचल की लोक-संस्कृति, संगीत और स्वाद से सराबोर रहा। शहर के पूर्वांचल एवं सरयूपारिण ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित ÷सरयू मेला÷ में ऐसा प्रतीत हुआ मानो अयोध्या की पावन सरयू नदी स्वयं इंदौर में अवतरित हो गई हो। मेले की संगीतमय संध्या में सुप्रसिद्ध लोकगायिकाएं हेमा पांडे और करीना पांडे ने अपनी मधुर आवाज़ में ऐसे लोकगीत प्रस्तुत किए कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। बिहार और उत्तर प्रदेश की लोक परंपराओं से जुड़े सोहर, कजरी, और छठ गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावनाओं और भक्ति से भर दिया।

'रोई-रोई कहे बझिनिया हो, सुनी हो दीनानाथ', 'केकर लाले-लाले अंचरा', और 'छठ माई के करब बरतिया भोरहि चार बजे' जैसे लोकगीतों ने हर श्रोता के हृदय को स्पंदित कर दिया। ऐसा लगा मानो सरयू और गंगा के तटों से उठती स्वर-लहरियां इंदौर के आकाश में गूंज रही हों।

## जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने अर्जुन बरोदा बायपास रोड का किया निरीक्षण



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने अर्जुन बरोदा बायपास में निर्माणाधीन फ्लाय ओवर ब्रिज और सर्विस रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे ओव्हर ब्रिज और सर्विस रोड़ निर्माण कार्य में गति लाए और शेष बची हुई विद्युत लाईटें चालू करें।

मंत्री श्री सिलावट ने एचएचएआई पर नाराजगी दिखाते हुए कहा कि सर्विस रोड़ के निर्माण के दौरान दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही है, जिससे जनहानि हो होती है। यहाँ ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे दुर्घटनाएं न हो। किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर एनएचएआई जिम्मेदार होंगे। मंत्री श्री सिलावट ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एनएचएआई अर्जुन-बरोदा बायपास में निर्माणाधीन फ्लाय ओव्हर ब्रिज और सर्विस रोड़ के कार्य में गति लाकर कार्य जल्दी समाप्त पूर्ण करें।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिलावट के साथ सहायक प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री राहुल सिंह, मंडल अध्यक्ष श्री रवि वाजपेई, श्री हुकुम पटेल, श्री माखन पटेल, थाना प्रभारी श्री कैलाश सिंह सहित क्षेत्रीय प्रतिनिधि मौजूद थे।

# उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने दीपावली के लिए इंदौर राजवाड़ा बाजार से खरीदे मिट्टी के दीपक



इंदौर। देश भर में दीपावली की धूम है, दुकानें सज गयी है घरों में साफ़-सफ़ाई शुरू हो चुकी है और घरों को सजाने का सामान भी हर दुकान पर सजने लगा है। जहाँ आज कई लोग ऑनलाइन शॉपिंग करके घर बैठे ही सामान बुलवा लेते हैं वहीं फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले लोगों पर घर चलाने का संकट पैदा हो जाता है। इसी असमानता को दूर करने और अपनों से जुड़ने के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा ÷आत्मनिर्भर भारत÷ के स्वदेशी अपनाओ का नारा दिया गया है। इसी को लेकर मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने अपने घर दीपावली की तैयारी के लिए रविवार को इंदौर राजवाड़ा बाजार से मिट्टी के दीपक/दीये खरीदे। उन्होंने सड़क पर दुकान लगाने वाली महिला से दीये की ख़रीदारी की। इस अवसर पर उनके साथ विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला और शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि स्वदेशी संकल्प को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प हम पूरा करेंगे।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरु वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम, वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर ! भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# कालोनियों में नालियों के ऊपर से अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए-निगम आयुक्त

## आयुक्त द्वारा सफाई के साथ-साथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

उज्जैन। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा सोमवार को निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 09 एवं वार्ड क्रमांक 10 अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सफाई के साथ-साथ निर्माण कार्यों का क्षेत्रीय पार्षद एवं निगम अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रायः वार्डों में देखा जाता है कि क्षेत्र के रहवासियों द्वारा नालियों के ऊपर तक अवैध निर्माण करते हुए फार्सियों से ढक दिया है जिसके कारण सफाई मित्रों को सफाई कार्य करने में परेशानी होती है साथ ही नालियों की सफाई नहीं होने से निचले क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति निर्मित होती है इसलिए नालियों पर किए गए अवैध



अतिक्रमण को हटाया जाए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा कांजी हाउस खिड़क, भैरूनाला, तिलकेश्वर बस्ती, इमली तिराहा, लालबाई फूलबाई चौराहा, गणेश चौक इत्यादि क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा लालबाई फूलबाई चौराहा का निरीक्षण करते हुए चौराहे के विकास कार्य को शीघ्र पूर्ण करने, गणेश चौक से भेरूनाला क्षेत्र में नालियों की सफाई करने, कांजी हाउस की जमीन पर विकास एवं निर्माण कार्य की योजना प्रस्तावित करने, तिलकेश्वर बस्ती के पीछे कम्युनिटी हॉल के निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता पूर्वक एवं समय से किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए, साथ ही पीएचई विभाग के उपयंत्री को निर्देशित किया कि वार्डों में जहां पर भी पाइपलाइन लीकेज की समस्या है तत्काल उसका संधारण किया जाए पानी का अपव्यय नहीं होना चाहिए निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद गब्बर भाटी, श्रीमती सपना सांखला, उपायुक्त मनोज मौर्य, संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, सहायक यंत्री डीएस परिहार, कार्यपालन यंत्री पीसी यादव उपयंत्री प्रवीण वाडिया, निशा वर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

# सेंधव राजपूत समाज की बैठक सम्पन्न



उज्जैन। विगत दिवस सेंधव राजपूत समाज धार्मिक ट्रस्ट की महत्वपूर्ण श्रीराम मंदिर धर्मशाला, देवासगेट, उज्जैन पर आयोजित की गयी।

ट्रस्ट अध्यक्ष कुं.धर्मेन्द्रसिंह चैहान के अनुसार बैठक में समाज के देवास सोनकच्छ, आष्टा, सीहोर से पधारे समाजजन व ट्रस्ट पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष कुं.धर्मेन्द्रसिंह चैहान ने की।

बैठक में समाज विकास व उत्थान पर चर्चा कर समाज को एक जुटकर सशक्त व प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया तथा समाज संगठन का विस्तार करते हुये समाज की संस्था सेंधव राजपूत समाज छात्रावास आष्टा के अध्यक्ष व अन्य कार्यकारिणी का निर्वाचन कर अध्यक्ष पद पर जीवनसिंह ठाकुर शोभाखेड़ी, उपाध्यक्ष चंदरसिंह ठाकुर, धीरजसिंह ठाकुर, गजराजसिंह ठाकुर व कार्यकारी अध्यक्ष रतनसिंह ठाकुर, सचिव विश्रामसिंह ठाकुर को नियुक्त कर नियुक्ति पत्र जारी किये गये।

समाज की राष्ट्रीय संस्था सामाजिक ट्रस्ट उज्जैन ने समाज के कार्यकारी अध्यक्ष, ललितसिंह उज्जवल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह ठाकुर अरनियाराम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्रपालसिंह झालकी तथा मीडिया प्रभारी गोपालसिंह ठाकुर भंवरीकला को नियुक्त कर बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। उपस्थित सदस्यों द्वारा समाज की कुरीतियों को दूर करने शिक्षा के प्रचार प्रसार को बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## घर-घर जाकर किया विधिक अधिकारों के प्रति जागरुक



उज्जैन। 13 अक्टूबर सोमवार को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी के विधि विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा ग्राम बिज्जुखेडी में विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीणों को विधि (न्याय) के सम्बन्ध में आ रही समस्याओं का निराकरण किया गया एवं इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा गाव में घर-घर जाकर वहां के लोगों को विधि (न्याय) की जानकारी देकर उन्हें विधिक सहायता प्रदान की एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

## जिला स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में जय भोले जीम के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक, आदर्श ने गोल्ड पर जमाया हाथ



उज्जैन। कालिदास अकादमी में शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में जय भोले जीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। जीम के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और जीम का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में आदर्श शर्मा ने 0-55 किलोग्राम कैटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। उनके अलावा, जय भोले जीम के अन्य खिलाड़ियों ने भी पदक प्राप्त किए हैं।

यह है पदक विजेता खिलाड़ी

1. किश शर्मा ने सिल्वर मेडल, जीता
2. भीम डांगी ने ब्रॉन्ज़ मेडल, जीता
3. गजेंद्र राठौर ने सिल्वर मेडल, जीता

जीम के खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर, जीम के संचालक राहुल प्रजापत और सह-संचालक शुभम प्रजापत तथा विनोद प्रजापत ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। जय भोले जीम ने इस प्रतियोगिता में विजय प्राप्त कर जिले में अपनी श्रेष्ठता साबित की है।

## मल्हार मंदिर धर्मशाला में हुए क्षत्रिय मराठा समाज के चुनाव



उज्जैन। क्षत्रिय मराठा समाज के चुनाव मल्हार मंदिर धर्मशाला में संपन्न हुए। जिसमें अशोक कदम एवं उमाकांत धर्मे के नेतृत्व में श्री मल्हार भक्त समिति पैनल को भारी सफलता मिली। इस पैनल से 21 पदों पर चुनाव लड़े सभी उम्मीदवार विजयी हुए। जिसमें अध्यक्ष अनिल धर्मे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीता पाटील, उपाध्यक्ष मुकेश शिंदे, अनिता शिंदे, सचिव अनिल गावड़े सहसचिव प्रशांत शिंदे एवं प्रवीण जाधव, कोषाध्यक्ष पद पर राजेश खोयरे, कार्यकारिणी सदस्य में रेखा कदम, ममता खोयरे, राजेंद्र कुमकर, रणजीत राव सपकाले, दिलीप जाधव, दीपक भोसले, अजय शिंदे, अनिल खोखले आदि।

## कर्मचारियों को दीपावली के पहले 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते बढ़ाने की मांग



उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज के आउट सोर्स कर्मचारियों की मांग, जब तक बोनस वेतन नहीं दिया जाएगा तब तक काम बन्द अनिश्चित कालीन हड़ताल की जायेगी

उज्जैन। मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन के बैनर तले जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल का ध्यान आकर्षण करवाने के लिए सम्पूर्ण प्रदेश के 54 जिलों में कर्मचारियों को दीपावली के पहले 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते बढ़ाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इसी तारतम्य में उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज के आउट सोर्स कर्मचारियों की मांग बोनस वेतन को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन आर आई उद्धव देहराडी को दिया गया। कर्मचारियों द्वारा कहा गया कि जबतक बोनस वेतन नहीं दिया जाएगा तब तक सफाई व्यवस्था से लेकर कार्यालय, एक्जाम कन्ट्रोल, रुम या अन्य विभागों में काम बन्द अनिश्चित कालीन हड़ताल की जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी यश गोविन्द मार्केटिंग ऐजेंसी के ठेकेदार की होगी। इस अवसर पर हेमराज घावरी उज्जैन जिला अध्यक्ष, सुरेश रायकवार जिला उपाध्यक्ष, मुकेश रायकवार जिला सचिव, धर्मेन्द्र परमार कलेक्टर कार्यालय के विभागीय अध्यक्ष, सुनील खत्री वाणिज्य कर विभाग के विभागीय अध्यक्ष, वरुण परमार आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने दी।

## स्वास्थ्य शिविर में 235 की जांच, मोतियाबिंद से ग्रसित 28 मरीजों का होगा नि:शुल्क ऑपरेशन



उज्जैन। युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन एवं लायंस क्लब उज्जैन महाकाल, अमृत हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर इंगोरिया के संयुक्त तत्वावधान में अंकलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्वास्थ्य शिविर नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि युवा मंच सत्संग समिति द्वारा पीड़ित मानव की सेवा के उद्देश्य से उज्जैन नगर की बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर नेत्र शिविर आयोजित किए जाते हैं।

शीत कालीन सत्र 2025-26 में द्वितीय कैंप अंतर्गत इंदिरानगर में स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। जिसमें 235 पेशेंट की जांच की गई उनमें मोतियाबिंद से ग्रसित 28 मरीजों का चयन ऑपरेशन हेतु किया गया।

जिनका ऑपरेशन अमृत हॉस्पिटल इंगोरिया में किया जावेगा। पेशेंट को लाने ले जाने, भोजन की, अटेंडर की ठहरने की व्यवस्था, दवाइयां, चश्मा सभी व्यवस्था अस्पताल की तरफ से नि:शुल्क रहेगी। आयोजन इंदिरानगर विकास समिति एवं मध्य प्रदेश माझी समाज संयोजक धनीराम रायकवार, पार्षद दिलीप परमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश टटवाल महापौर, डॉ. कुमावत प्रसिद्ध चिकित्सक एवं वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह यादव थे। शुगर बीपी की जांच श्री वी एस जी क्लिनिक सेंटर के प्रबंधक सचिन ठाकुर सहयोग से नि:शुल्क की। दंत रोग एवं मुख रोग विशेषज्ञ डॉ मनु सागर मारोठिया ने सेवाएं दी।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com